**Publication Name:** Dainik Savera Times
**Publication Date:** 08/11/2025
**Edition:** Delhi
**Page No:** 13
**CCM:** 235.62

## Amit Shah to Inaugurate Co-op Kumbh, Preparation to Take Cooperative Finance into the Digital Age

# अमित शाह करेंगे को-ऑप कुंभ का उद्घाटन, सहकारी वित्त को डिजिटल युग में ले जाने की तैयारी

**सवेरा न्यूज/कास.**

नई दिल्ली, 8 नवंबर : नैशनल फेडरेशन ऑफ अर्बन कोऑपरेटिव बैंक एंड क्रेडिट सोसायटीज (क्रेडिट सोसायटीज) ने आज नई दिल्ली स्थित कॉन्स्टिट्यूशन क्लब ऑफ इंडिया में आयोजित प्रेस कॉन्फ्रेंस के दौरान अपने आगामी अंतर्राष्ट्रीय सम्मेलन को-ऑप कुंभ की घोषणा की। यह दो दिवसीय सम्मेलन 10 से 11 नवंबर को विज्ञान भवन में होगा, जिसका उद्घाटन केंद्रीय गृह एवं सहकारिता मंत्री अमित शाह करेंगे।




जानकारी देती गणमान्य। (जगजीत सिंह)

डिजिटलाईज़िंग ड्रीम्स एम्पावरिंग कम्युनिटीज विषय पर आधारित यह सम्मेलन भारत सरकार के सहकारिता मंत्रालय के सहयोग से आयोजित किया जा रहा है। क्रेडिट सोसायटीज देशभर के 1,500 से अधिक शहरी सहकारी बैंकों और लगभग 60,000 क्रेडिट सोसायटीज का प्रतिनिधित्व करता है। क्रेडिट सोसायटीज अध्यक्ष लक्ष्मी दास ने कहा कि यह केवल सम्मेलन नहीं, बल्कि डिजिटल युग में सहकारी वित्त को पुनर्परिभाषित करने का आंदोलन है। सम्मेलन में नीति नवाचार, सुशासन सुधार, तकनीकी प्रगति और महिलाओं व युवाओं की भूमिका जैसे विषयों पर चर्चा होगी। कार्यक्रम के समापन सत्र की अध्यक्षता सुरेश प्रभु करेंगे। इस अवसर पर दिल्ली घोषणा 2025 ,रोडमैप टू 2030 भी जारी की जाएगी, जो सहकारी क्षेत्र के डिजिटल और समावेशी भविष्य की दिशा तय करेगी।

SAHANA system limited
Powered By: Sahana System Limited

**Publication Name:** Dainik Savera Times
**Publication Date:** 08/11/2025
**Edition:** Delhi
**Page No:** 13
**CCM:** 168.11

## Cooperative sector will play a leading role in developed Delhi construction: Ravindra Indraj

# विकसित दिल्ली निर्माण में सहकारिता क्षेत्र की होगी अग्रणी भूमिका : रविन्द्र इन्द्राज

सवेरा न्यूज/कास.

नई दिल्ली, 8 नवंबर : दिल्ली में सहकारिता बैंकिंग व अन्य सहकारिता से जुड़े क्षेत्रों को सशक्त बनाया जाएगा ताकि वो विकसित दिल्ली निर्माण में महत्वपूर्ण योगदान दे सकें। विभागीय कार्यशैली में पारदर्शिता, बैंकों की नई शाखाएं, आसान वित्तीय सहायता एवं आत्मनिर्भर बनाने की योजनाओं पर जोर देकर हम दिल्ली के सहकारिता क्षेत्रों को देश में अग्रणी व मॉडल बनाएंगे। दिल्ली सरकार के सहकारिता मंत्री रविन्द्र इन्द्राज सिंह ने यह बात जाकिर बाग, न्यू फ्रेंड्स कॉलोनी से ह्यूमैनिटी फर्स्ट एम्बुलेंस सेवा के शुभारम्भ कार्यक्रम में कहीं।

यह एम्बुलेंस सेवा गंभीर रोगियों को आसपास के अस्पतालों तक पहुँचाने के उद्देश्य से शुरू की गई है। इस एम्बुलेंस सेवा को जामिया कोऑपरेटिव बैंक की ओर से आमजन को समर्पित किया गया। गंभीर रोगियों को अस्पतालों तक पहुँचाने के अलावा, ह्यूमैनिटी फर्स्ट एम्बुलेंस सेवा मृतकों को अस्पताल से घर तथा कब्रिस्तान/श्मशान तक ले जाने की व्यवस्था भी करेगी, ताकि उनके अंतिम संस्कार की प्रक्रिया सुचारू रूप से पूरी की जा सके। कार्यक्रम का आयोजन अंतरराष्ट्रीय सहकारिता वर्ष 2025 के तहत दिल्ली में लगातार हो रहे आयोजनों के तहत किया गया।

रविन्द्र इन्द्राज ने कहा कि यशस्वी प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी जी और गृह एवं सहकारिता मंत्री अमित शाह जी के सहकार से समृद्धि के संकल्प ने भारत के सहकारिता आंदोलन को नई ऊँचाइयों पर पहुँचाया है। देश की दो अग्रणी सहकारी संस्थाओं अमूल और इफको ने वैश्विक सहकारी संस्थाओं की रैंकिंग में क्रमशः प्रथम और द्वितीय स्थान प्राप्त कर इतिहास रच दिया है। विकसित भारत और विकसित दिल्ली की दिशा में दिल्ली का सहकारिता क्षेत्र भी महत्वपूर्ण योगदान दे इसके लिए प्रदेश में पहली बार व्यापक सुधार व प्रयास किये जा रहे हैं। कार्यक्रम में सहकारिता मंत्री ने शुभकामनायें देते हुए कहा कि जामिया कोऑपरेटिव बैंक लिमिटेड सहकारिता की भावना को बढ़ावा देने एवं छोटे व्यवसायों का समर्थन करने के लिए समर्पित है। बैंक की आठ शाखाएँ दक्षिण दिल्ली के विभिन्न क्षेत्रों में संचालित हो रही हैं, जिनका उद्देश्य गरीब एवं वंचित वर्ग को वित्तीय सशक्तिकरण प्रदान करना है। बैंक के अध्यक्ष एम.क्यू.एच. बेग ने सहकारिता मंत्री का आभार जताते हुए कहा कि बैंक आगे भी ऐसे सामाजिक योगदानों में अग्रणी रहेगा। जामिया कोऑपरेटिव बैंक की ओर से शुरू की गई इस सेवा का संचालन एवं प्रबंधन जामिया नेशनल फाउंडेशन द्वारा किया जाएगा।